आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 शनिवार                                                                 दिनांक 17.01.2026

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

मुख्य समाचारः–

1– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हावड़ा–गुवाहाटी के बीच भारत की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

2– बीजापुर जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में नेशनल पार्क एरिया कमेटी के प्रमुख सहित दो माओवादी मारे गए।

3– राज्य सरकार ने पर्यटन सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए मैनपाट में बारह एकड़ भूमि अटल विहार योजना के लिए आवंटित की।

और

4– मौसम विभाग ने आगामी चौबीस घंटों के दौरान उत्तर छत्तीसगढ़ सहित मध्य छत्तीसगढ़ के एक–दो इलाकों में शीतलहर चलने की चेतावनी दी।

..........

<u>प्रधानमंत्री–वंदेभारत स्लीपर ट्रेन</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज पश्चिम बंगाल के मालदा रेलवे स्टेशन से हावड़ा और गुवाहाटी के बीच चलने वाली भारत की पहली वंदेभारत स्लीपर ट्रेन को झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री मोदी ने गुवाहाटी–हावड़ा वंदेभारत स्लीपर ट्रेन को भी वर्चुअल रूप से झंडी दिखाई। पूरी तरह से वातानुकूलित वंदेभारत स्लीपर ट्रेन

यात्रियों को किफायती किराए पर हवाई यात्रा जैसा अनुभव प्रदान करेगी। इससे लंबी दूरी की यात्राएं तेज, सुरक्षित और अधिक सुविधाजनक बनेंगी।

माओवादी मुठभेड़

बीजापुर जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में दो माओवादी मारे गए हैं। इनमें नेशनल पार्क एरिया कमेटी का प्रमुख दिलीप बेड़जा भी शामिल हैं। घटनास्थल से दोनों माओवादियों के शव के अलावा एके–सैंतालीस जैसे ग्रेडेड स्वचालित हथियार भी बरामद किए गए हैं।

जिले के पुलिस अधीक्षक डॉक्टर जितेन्द्र यादव ने बताया कि उत्तर–पश्चिम क्षेत्र के पहाड़ी इलाकों में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी, कोबरा और स्पेशल टास्क फोर्स–एसटीएफ की संयुक्त टीम तलाशी अभियान पर निकली थी। इस दौरान पहले से मौजूद माओवादियों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने दो माओवादियों को मार गिराया। समाचार लिखे जाने तक दोनों ओर से रूक–रूककर फायरिंग जारी है।

मुख्यमंत्री–भ्रमण दल

राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर से बस्तर संभाग के जिला पंचायतों के निर्वाचित प्रतिनिधियों के दल को प्रशिक्षण सह अध्ययन भ्रमण के लिए मुंबई रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस अध्ययन भ्रमण के माध्यम से पंचायत प्रतिनिधियों को अन्य राज्यों की बेहतर कार्यप्रणालियों की जानकारी मिलेगी, जिसका सीधा लाभ छत्तीसगढ़ के ग्रामीण विकास को मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज योजना के तहत बस्तर संभाग के जिला पंचायतों के नव–निर्वाचित प्रतिनिधियों को महाराष्ट्र की पंचायत राज व्यवस्था का अध्ययन कराने के लिए कल अट्ठारह जनवरी से तेईस जनवरी तक मुंबई भेजा जा रहा है। पहले चरण में साठ पंचायत प्रतिनिधि और

नोडल अधिकारी इसमें शामिल हैं। इस दौरान विभिन्न सत्रों के साथ—साथ महाराष्ट्र की उत्कृष्ट पंचायतों का भी भ्रमण कराया जाएगा। अगले चरण में राज्य के सभी संभागों के जिला पंचायत प्रतिनिधियों को इस तरह के अध्ययन भ्रमण पर भेजा जाएगा।

## मोरध्वज आरंग महोत्सव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मोरध्वज आरंग महोत्सव के समापन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री साय ने कहा कि राजा मोरध्वज का जीवन छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक चेतना और नैतिक मूल्यों का अमर प्रतीक है, जो आज भी समाज को सत्य और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

समारोह में मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने समोदा उप तहसील को पूर्ण तहसील का दर्जा देने और वहां पूर्णकालिक तहसीलदार की पदस्थापना करने की घोषणा की। श्री साय ने मोरध्वज महोत्सव के लिए दिए जाने वाले शासकीय अनुदान की राशि को पांच लाख से बढ़ाकर दस लाख रूपये करने का ऐलान किया।

## मैनपाट—आवासीय परिसर

राज्य सरकार ने पर्यटन सुविधाओं और आवासीय विकास को बढ़ावा देने के लिए सरगुजा जिले के मैनपाट में बारह एकड़ भूमि अटल विहार योजना के लिए आवंटित की है। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव ने बताया कि इस भूमि पर आधुनिक और बहुपयोगी पर्यटन – आवासीय परिसर का निर्माण किया जाएगा। प्राकृतिक परिवेश के अनुरूप विकसित होने वाली यह परियोजना मैनपाट आने वाले पर्यटकों को बेहतर, सुरक्षित और किफायती आवास उपलब्ध कराएगी। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के तहत केरल मॉडल पर आधारित वेलनेस सेंटर, प्राकृतिक पंचकर्म चिकित्सा, हर्बल स्पा और आयुष सेवाएं प्रस्तावित हैं। साथ ही क्लब हाउस, मिलेट्स कैफे, जिम, स्वीमिंग पुल, किड्स प्ले एरिया, स्टीम बाथ और एंटरटेनमेंट जोन

विकसित किए जाएंगे। श्री सिंहदेव ने बताया कि पर्यावरण अनुकूल विकास के तहत ट्री हाउस, कॉटेज और स्थानीय जीवन तथा संस्कृति का अनुभव कराने वाला सांस्कृतिक क्षेत्र भी शामिल होगा।

## जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में ''बीजापुर'' जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## बस्तर पंडुम

बस्तर अंचल की आदिम संस्कृति, पारंपरिक खान–पान और रीति–रिवाजों को वैश्विक पटल पर लाने के उद्देश्य से बस्तर जिले के अलग–अलग विकासखंडों में बस्तर पंडुम का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत बस्तर जिले के छिंदावाड़ा, बड़े किलेपाल और छोटे आरापुर में आयोजित बस्तर पंडुम में पारंपरिक आदिवासी नृत्य, संस्कृति और व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया। साथ ही बस्तर के वनों में पाए जाने वाले दुर्लभ कंद–मूलों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की गई। इसके अलावा पुरानी चिकित्सा पद्धति को भी विशेष स्थान दिया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बस्तर सांसद महेश कश्यप ने कहा कि बस्तर की संस्कृति और परंपराओं को बनाने में कई पीढ़ियां लगी हैं। उन्होंने न केवल रीतियों को बल्कि प्राकृतिक संसाधनों को भी संरक्षित किया।

वहीं, चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने कहा कि बस्तर पंडुम के माध्यम से आदिवासी खान–पान और रीति–रिवाज दुनिया के सामने आ रहे हैं। केन्द्र और राज्य सरकार ने एक ऐसा मंच दिया है, जिससे बस्तर की पहचान को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिल रहा है।

जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

एनआईटी—स्टार्टअप दिवस

राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर रायपुर स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान—एनआईटी में स्टार्टअप कैपिटल कनेक्ट कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप द्वारा इनक्यूबेट किए गए पंद्रह स्टार्टअप्स ने संभावित निवेशकों और विशेषज्ञों के समक्ष अपने मॉडल प्रस्तुत किए। इस अवसर पर डेढ़ करोड़ रूपये के फंडिंग सपोर्ट की घोषणा की गई, जिससे नवाचार और निवेश के बीच की दूरी को कम करने में संस्थान की भूमिका और सुदृढ़ हुई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एनआईटी के निदेशक एन.वी. रमना राव ने स्टार्टअप इंडिया पहल की पिछले एक दशक की उपलब्धियों को रेखांकित किया। वहीं, कुलसचिव डॉक्टर एन.डी. लोंढे ने एनआईटी की स्थापना से लेकर वर्तमान अनुसंधान और नवाचार आधारित परिवेश तक की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला।

चित्रोत्पला फिल्म सिटी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इक्कीस जनवरी को नवा रायपुर के माना—तूता में प्रस्तावित चित्रोत्पला फिल्म सिटी एंड कन्वेंशन सेंटर का भूमिपूजन करेंगे। इस फिल्म सिटी के निर्माण के लिए छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड और मुंबई की ईगल स्टूडियोज़ एंटरटेनमेंट लिमिटेड के बीच अनुबंध किया गया है।

इस संबंध में छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने चित्रोत्पला फिल्म सिटी एंड कन्वेंशन सेंटर के निर्माण की समीक्षा की। बैठक में श्री शर्मा ने इस परियोजना को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। सौ एकड़ क्षेत्र में बनने जा रहे इस फिल्म सिटी में अत्याधुनिक स्टूडियो, स्थायी सेट्स, स्कूल, अस्पताल, जेल, पुलिस स्टेशन और कृत्रिम नदी—पर्वत, कन्वेंशन सेंटर, जनजातीय सांस्कृतिक केंद्र, ई—बस सेवा और रिसॉर्ट्स, प्री—पोस्ट प्रोडक्शन के साथ ही आवास व्यवस्था, फूड कोर्ट और तालाब—उद्यान जैसी सुविधाएं होंगी।

होटल मैनेजमेंट–प्रवेश प्रक्रिया

नवा रायपुर स्थित स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट ने आगामी सत्र में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। आवेदकों को आधिकारिक वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन कराना होगा। आवेदन करने की अंतिम तिथि पच्चीस जनवरी तय की गई है। परीक्षा कम्प्यूटर आधारित होगी। किसी भी विषय में बारहवीं पास या अध्ययनरत् विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ पर्यटन विभाग के अधीन यह संस्थान राष्ट्रीय होटल प्रबंधन और खान–पान प्रौद्योगिकी परिषद से संबद्ध है।

मौसम

और अब पेश है मौसम का हाल–

मौसम विभाग ने आगामी चौबीस घंटों के दौरान उत्तर छत्तीसगढ़ सहित मध्य छत्तीसगढ़ के एक–दो इलाकों में शीतलहर चलने की चेतावनी दी है। मौसम विभाग के मुताबिक आगामी चौबीस घंटों के बाद प्रदेश के न्यूनतम तापमान में धीरे–धीरे बढ़ोत्तरी होगी। लेकिन, लोगों को फिलहाल ठंड से राहत मिलने की संभावना नहीं है।

संक्षिप्त समाचार

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आज रायपुर स्थित उनके निवास कार्यालय में रायपुर प्रेस क्लब के नव–निर्वाचित पदाधिकारियों ने मुलाकात की। इनमें प्रेस क्लब अध्यक्ष मोहन तिवारी, उपाध्यक्ष दिलीप साहू, महासचिव गौरव शर्मा, कोषाध्यक्ष दिनेश यदु और संयुक्त सचिव निवेदिता साहू और भूपेश जांगड़े शामिल हैं।

और

–	कोंडागांव जिले में केशकाल थाना क्षेत्र के ग्राम बटराली के पास आज एक ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जा पलटी। इस हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे केशकाल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>